F.No.- CSU-LKO/2026-2027/Dir/01/

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

शुभसंवत् 2083, भाद्रपदकृष्ण अमावस, 11, सितम्बर, 2026

## कार्यालय आदेश / Office Order – 120

दिनांक 14 सितम्बर, 2026 को भाद्रपदशुक्ल तृतीया तदुपरान्त चतुर्थी को **हिन्दी दिवस** है। इसके उपलक्ष्य में 28 सितम्बर, 2026 तक हिन्दी पक्ष मनाया जायगा। इसमें सभी छात्र, कर्मचारी और शिक्षकगण अपने–अपने स्तर पर अधिकांश कार्य हिन्दी में करने का अभ्यास करेंगे। एक संकल्प भी लेंगे कि हम सभी हमेशा देवनागरी में ही हस्ताक्षर करेंगे।

कार्यालयकर्मी 14 से 28 सितम्बर, 2026 तक प्रतिदिन सायंकाल 5:00 से 6:00 बजे तक आयोजित यूनिकोड टंकण कार्यशाला में भाग ग्रहण करेंगे और दिनांक 29.9.2026 को आयोजित यूनिकोड टंकण प्रतियोगिता में भाग ग्रहण करेंगे। दि. 14 सितम्बर, 2026 को निबन्ध प्रतियोगिता में भाग ग्रहण करने के लिए टंकण कार्यशाला से छूट रहेगी। टंकण कार्यशाला का आयोजन प्रो. मदनमोहन पाठक एवं प्रो. धनीन्द्र कुमार झा करेंगे। स्थान– संगणक प्रयोगशाला।

दिनांक 14.9.2026 को सायं 5:00 से 6:00 बजे तक छात्र–छात्राओं के लिए हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जायगी, जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र भाग ले सकते हैं। विषय : **"वर्तमान समय में हिन्दी को प्रचार की आवश्यकता है या नहीं"**। कनिष्ठ वर्ग (प्राक्शास्त्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) कक्ष संख्या 32 में कक्ष निरीक्षक– डॉ. कविता बिसारिया, डॉ. संजय कुमार मिश्र, सुश्री सृष्टि तिवारी। वरिष्ठ वर्ग– शास्त्री प्रथम से आचार्य, एम.ए. पालि– कक्ष संख्या– 28 कक्ष निरीक्षक– डॉ. रंजय कुमार सिंह, डॉ. सी. पुरुषोत्तम, डॉ. विनय कुमार द्विवेदी। बी.ए. ऑनर्स संस्कृत एवं सिविल सर्विसेज कक्ष संख्या– 44, कक्ष निरीक्षक– डॉ. कृति रस्तोगी, डॉ. शिवानन्द मिश्र, डॉ. हीरा पाण्डेय, शिक्षाशास्त्री– कक्ष संख्या 45 कक्ष निरीक्षक– डॉ. अनूप कुमार, डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, डॉ. लक्ष्मणेन्द्र, कार्यालयकर्मी हेतु कक्ष संख्या– 3 कक्ष निरीक्षक– डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. रविकान्त तिवारी। जो छात्र उपरिलिखित निबन्ध प्रतियोगिता में भाग ग्रहण करने के इच्छुक हैं वे अपना नाम, कक्षा, विषय डॉ. संजय कुमार मिश्र के पास दिनांक 14.9.2026 को पूर्वाह्ण 11:00 बजे तक लिखा सकते हैं।

दिनांक 15.9.2026 को सायं 5:00 से 6:00 बजे तक कक्ष संख्या 32 में हिन्दी एकांकी मंचन, राष्ट्रिय / सामाजिक विचारधारा से युक्त 10 निमेषात्मक एकांकी / लघु नाट्य प्रस्तुतियाँ (विविध विद्यार्थी / विद्यार्थी समूह द्वारा) निर्णायकवृंद– प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, प्रो. पवन कुमार।

दिनांक 16.9.2026 को सायं 5:00 से 6:00 बजे तक कक्ष संख्या 32 में स्वरचित कविता पाठ (सभी विद्यार्थियों के लिए) कक्ष संख्या– 32 निर्णायकवृंद– प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, प्रो. पवन कुमार।

दिनांक 30.09.2026 को सम्पूर्ति समारोह का आयोजन कक्ष संख्या 32 में अपराह्ण 4:00 बजे से होगा।

यह सक्षम अधिकारी की अनुमति से निर्गत किया जा रहा है।

(राजीव कुमार)
अनुभाग अधिकारी

प्रतिलिपि–
1 उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ
2 कार्यालय आदेश सञ्चिका
3 कार्यावण्टन सञ्चिका
4 सम्बद्ध सञ्चिका
5 समन्वयक, आईक्यूएसी प्रति
6 वेबसाइट पर अपलोड् हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक
7 निदेशक कार्यालय प्रति

अनुभाग अधिकारी